Hindi Murli Quiz 18-11-2015

.

Q.1) **Q. "मीठे बच्चे, ऊंच ते ऊंच पद पाना है तो याद की यात्रा में मस्त रहो। यही है रूहानी -------,बुद्धि अपने घर में लटकी रहे।" निम्नलिखित विकल्पों में से एक सबसे उपयुक्त विकल्प से उपरोक्त रिक्त स्थान भरें।**

A. फांसी
B. सफ़र
C. स्थिति
D. मिलन

Q.2) **Q.आज की मुरली के अनुसार निम्नलिखित वाक्य सही हैं या गलत हैं, कृपया टिक करें।**
"जिनकी बुद्धि में ज्ञान की धारणा नहीं होती है, वे छोटी-छोटी बातों में नाराज होते रहेंगे। जिसकी बुद्धि में जितना ज्ञान धारण होगा उतनी उसे खुशी रहेगी। बुद्धि में अगर यह ज्ञान रहे कि अभी दुनिया को नीचे जाना ही है, इसमें नुकसान ही होना है, तो कभी रंज नहीं होंगे। सदा खुशी रहेगी।"

A. सही
B. गलत

Q.3) **Q. निम्नलिखित दोनों रिक्त स्थान एक उपयुक्त शब्द से भरें ----**
" आत्मा का --------योग घर की तरफ जाना चाहिए। परन्तु ऐसा एक भी मनुष्य दुनिया में नहीं है, जिसको यह --------में आता हो।"

Q.4) **Q. उपयुक्त शब्दों से मैच करके सभी रिक्त स्थान भरें ----**

	Choice		Match
A	सन्यासी लोग भी -----को घर नहीं समझते वह तो कहते हम -----में लीन हो जायेंगे।	1	ऊंच ते ऊंच।
B	हमारे अन्दर में है कि ----------बाबा हमको फिर ---------- पद प्राप्त कराते हैं।	2	. ब्रह्म।
C	अब बाप समझाते हैं ऊंच ते ऊंच तब बनेंगे जब याद की यात्रा में -------- रहेंगे।	3	मस्त।
D	पांच -------- यहाँ हैं। सूक्ष्मवतन, मूलवतन में यह नहीं होते।	4	तत्व।
E	जब तुम ऊंच दुनिया में होंगे तो------दुनिया को नहीं जानेंगे। ------दुनिया वाले फिर ऊंच दुनिया को नहीं जानते।	5	नींच।

Q.5) **Q. आज की मुरली के अनुसार निम्नलिखित वाक्य सही हैं या गलत हैं – कृपया टिक करें।**
"विलायत वाले भल स्वर्ग में जाते नहीं हैं फिर भी नाम तो लेते हैं, हेविन पैराडाइज था। मुसलमान लोग भी बहिश्त कहते हैं। परन्तु यह उनको पता नहीं है कि वहाँ कैसे जाना होता है। अभी तुमको कितनी समझ मिलती है, ऊंच ते ऊंच बाप कितनी नॉलेज देते हैं।"

A. सही
B. गलत

Q.6) **Q. केवल सही वाक्य ही चयन करें –---**

A. यह ड्रामा कैसा वन्डरफुल बना हुआ है। जो ड्रामा के राज को नहीं जानते वह कल्पना कह देते हैं।
B. अगर गंगा नदी पतित-पावनी है फिर तो गुरू की कोई दरकार नहीं।
C. अब तुम समझते हो कि हमारी ज्ञान की तीसरी आंख खुली है। इसलिए त्रिकालदर्शा कहते हैं।
D. तुम जानते हो कि विनाश काले विपरीत बुद्धि हमारी ही है। बाप को हम बहुत याद करते हैं।
E. भारत का प्राचीन योग तो यह है, बाकी जो भी हठयोग सिखलाते हैं, वह सभी हैं - एक्सरसाइज, शरीर को तन्दरूस्त रखने के लिए।

Q.7) **Q. आज की मुरली के अनुसार निम्नलिखित वाक्य सही हैं या गलत हैं – कृपया टिक करें।**
"दुनिया वाले बुलाते हैं--हे पतित-पावन आओ परन्तु अपने को पतित समझते थोड़े ही हैं, इसलिए पाप धोने जाते हैं। लेकिन शरीर को थोड़े ही पाप लगता है। बाप तो आकर तुम आत्माओं को पावन बनाते हैं और कहते हैं मामेकम् याद करो तो तुम्हारे विकर्म विनाश होंगे।"

A. सही
B. गलत

Q.8) **Q.निम्नलिखित पॉइंट्स में जो भी पॉइंट्स बिल्कुल आज की धारणा अनुसार हैं, उनको ही चयन / टिक करें :-**

A. तुम्हें बुद्धि से सब कुछ भूलना है।
B. जिन बातों में टाइम वेस्ट होता है, उनको एक कान से सुनकर दुसरे से निकाल देना है ।
C. पढ़ाई के समय बुद्धियोग एक बाप से लगा रहे, कहाँ भी बुद्धि भटकनी नहीं चाहिए।
D. निराकार बाप हमें पढ़ा रहे हैं, इसलिये मुरली कभी मिस नही करना है ।

Q.9) **-Q. निम्नलिखित वाक्य आज के वरदान के अनुसार सही हैं या गलत हैं, टिक करें ----**
"अभी तक स्व कल्याण में बहुत समय जा रहा है। अब परोपकारी बनो। मायाजीत विजयी बनने के साथ-साथ सर्व खजानों के विधाता बनो अर्थात् हर खजाने को कार्य में लगाओ। खुशी का खजाना, शान्ति का खजाना, शक्तियों का खजाना, ज्ञान का खजाना, गुणों का खजाना, सहयोग देने का खजाना बांटो और बढ़ाओ। तब अनेक जन्म विश्व राज्य अधिकारी बनेंगे।"

A. सही
B. गलत

Q.10) **Q. "----------बनना है तो अपनी सर्व कमजोरियों को सदाकाल के लिए विदाई दो।"**

निम्नलिखित विकल्पों में से एक सबसे उपयुक्त विकल्प से उपरोक्त रिक्त स्थान भरें।

A. भाग्यशाली
B. विश्व-कल्याणकारी
C. शक्तिशाली
D. सफतामूर्त